हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

11 नेताजी सुभाषचंद्र बोस के बलिदान को याद किया



12 गणतंत्र दिवस का अंतिम पूर्वाभ्यास आज...



## शहर में आज

- विकास भवन में समाधान शिविर।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह से

## खबर संक्षेप

### 24 को प्लाटों के नंबरों का निकाला जाएगा ड्रॉ

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला विकास भवन के सभागार में जिला के गांव जसिया और समचाना के अंतोदय पात्र परिवारों के लिए सौ सौ गज के प्लाटों के नंबरों का ड्रॉ निकाला जाएगा। गांव जसिया के लिए 114 प्लाटों का ड्रॉ निकाला जाएगा, विधवा श्रेणी के 16, अनुसूचित जाति के 41 और अन्य श्रेणी के 57 प्लॉट का ड्रॉ निकाला जाएगा। समचाना के लिए कुल 62 प्लाटों के नंबर का ड्रॉ होगा, जिसमें विधवा श्रेणी के 21 और अनुसूचित जाति के 41 प्लाट शामिल हैं।

### इलेक्ट्रिक बस रूट का विस्तार किया जाए

**रोहतक।** भाजपा नेता एवं पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने शहर में इलेक्ट्रिक बस रूट का विस्तार करने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने रोडवेज डिपो के महाप्रबंधक को पत्र लिखा है। पूर्व मंत्री ने कहा है कि 26 जनवरी को इलेक्ट्रिक बस सेवा नया बस अड्डा से पीजीआई तक शुरू की जा रही है। इसके रूट मैप को अम्बेडकर चौक से दिल्ली बाईपास तक किया जाए। इससे नगर निगम, सचिवालय, महिल कॉलेज और कोर्ट आने जाने वाले लोगों को भी फायदा होगा।

### अवैध हथियार सहित युवक को पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। एएनसी प्रभारी मनोज ने बताया कि गांव भराण मोड़ के पास युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। उसकी पहचान रवि निवासी गांव भराण के रुप में हुई। युवक के पास से एक पिस्तौल बरामद हुआ। थाना महम में केस दर्ज किया गया।

### 12.45 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट जल्द होगा पूरा

# आईडीसी के तहत आने वाली कॉलोनियों में फरवरी से मिलेगा दोनों समय पानी

## शहर की पांच कॉलोनियों और बीस हजार की आबादी की बुझेगी प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर की पांच कॉलोनियों और बीस हजार से ज्यादा की आबादी को फरवरी माह में दो समय पानी की सप्लाई दी जाएगी। इंडस्ट्रियल कॉलोनी वाटर प्रोजेक्ट जनवरी के अंत तक में पूरा होने जा रहा है, और फरवरी माह में ही दो समय पानी की सप्लाई चालू की जाएगी। ऐसे में बाहर से पानी भरने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। दूर दराज लगे नलकूपों से आमजन को पानी भरकर नहीं लाना पड़ेगा। प्रोजेक्ट का 60 प्रतिशत से ज्यादा कार्य पूरा हो चुका है।

- प्रोजेक्ट का 60 प्रतिशत से ज्यादा कार्य पूरा हो चुका



- रोजाना 30 लाख लीटर पानी फिल्टर होने के बाद घरों में सप्लाई होगा

### कार्य पूर्ण गति के साथ चल रहा

जनस्वास्थ्य विभाग आईडीसी कॉलोनी के अंतर्गत आने वाली शास्त्री कॉलोनी, सूर्य नगर आदि में पानी की सप्लाई की जाएगी। डब्ल्यूटीपी प्लांट बनने के बाद जेएलएन से सीधे कच्चा पानी (रॉ वाटर) सप्लाई होगा। रोजाना 30 लाख लीटर पानी फिल्टर होने के बाद घरों में सप्लाई किया जाएगा। इससे झज्जर रोड स्थित वाटर वर्क्स-2 पर से निर्भरता कम होगी। जिन कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति कम हो रही है, वहां बढ़ा दी जाएगी। हिसार रोड इंडस्ट्रियल कॉलोनी के नजदीक रहने वाले लोगों को नए साल पर जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से तोहफा मिलेगा। इससे सूर्य नगर, शास्त्री नगर और अन्य कॉलोनियों को पानी की सप्लाई होगी। विभाग का दावा है कि आईडीसी में डब्ल्यूटीपी प्रोजेक्ट तय समय पर पूरा कर लिया जाएगा। इसका कार्य पूर्ण गति के साथ चल रहा है।

**सप्लाई बढ़ा दी जाएगी**

डब्ल्यूटीपी प्लांट का कार्य जनवरी के अंत तक के लिए प्रस्तावित है। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद हजारों लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी मुहैया कराया जाएगा। जिन कॉलोनियों में जलापूर्ति में कमी होगी, वहां भी सप्लाई बढ़ा दी जाएगी।

रोहित कुमार,
-कार्यकारी अभियंता,
जनस्वास्थ्य विभाग

### शहर की आधी आबादी को समय पर मिलेगा पानी

शहर की आधे से ज्यादा की आबादी पानी के टैंकरों पर निर्भर है। क्योंकि ज्यादातर कॉलोनियों में पानी दूषित आने के कारण दूर दराज लगे नलकूपों से ही लोगों को पानी भरकर लाना पड़ता है। बहुत बर देखने में आया कि लोग अपना नया कनेक्शन लेने के लिए बारह से प्राईवेट मिस्त्री को बुलाते है और पाइपलाइन में छेद कर कनेक्शन लेते है। ऐसे में बहुत सारी गडबड़ी होने के कारण पाइपलाइन में मिट्टी चली जाती है। और पानी घरों में दूषित जाने लगता है। ऐसे में लोगों के बीमार होने का खतरा भी बना रहता है।



## इंडस पब्लिक स्कूल का तीन दिवसीय पुस्तक मेला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

**पुस्तकों के प्रति रुचि पैदा करना पुस्तक मेले का उद्देश्य : डॉ. एकता सिंधु**

**रोहतक।** इंडस पब्लिक स्कूल रोहतक में वीरवार को तीन दिवसीय 'बुक नैस्ट इंडिया' पुस्तक मेले का समापन हुआ। इस पुस्तक मेले में कक्षा तीसरी से बारहवीं तक की सभी विषयों की अनेक रोचक व ज्ञानवर्धक पुस्तकों का छात्रों द्वारा बारीकी ने निरीक्षण किया गया व छात्रों ने अपनी मनपसंद पुस्तकों को खरीदा। विद्यालय की निर्देशिका डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि आज के परिवेश में जब चहुं ओर मोबाइल का बोलबाला है। ऐसे में आज का विद्यार्थी केवल विषय संबंधी पुस्तकों तक ही सीमित रह गया है। उन्होंने कहा कि पुस्तकों के प्रति रूचि पैदा करना ही पुस्तक मेले का उद्देश्य है। इस मौके पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने कहा पुस्तकें लेखन या छवियों के रूप में जानकारी दर्ज करने का एक माध्यम है जो विद्यार्थियों की पठन में अभिरूचि पैदा करने के उद्देश्य से पुस्तक व पाठकों के मध्य दूरी को कम करने का माध्यम है। इससे विद्यार्थियों में पठन कौशल का विकास होता है।

## ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रोहक।** पुलिस ने बैंक में अकाउंटेंट की नौकरी देने के नाम पर करीब 80 हजार की ठगी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी सुलेंद्र सिंह ने बताया कि शक्ति नगर रोहतक निवासी प्रशांत की पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि प्रशांत ने नौकरी के लिए कई जगह आवेदन कर रखा था। 1 अक्टूबर 2024 को प्रशांत के पास प्लेसमेंट एजेंसी के नाम से कॉल आया। जिन्होंने प्लेसमेंट आईएनडीआईएएस के अधिकारी के रुप में बात की। युवक ने प्रशांत को आईसीआईसीआई बैंक में अकाउंटेंट को पोस्ट ऑफर किया।

**यूं फंसाया:** युवक ने कहा कि बैंक के अधिकारी फोन पर प्रीलिमिनरी इंटरव्यू लेंगे। प्रशांत के बाद फोन आया जिन्होंने इंटरव्यू लिया और कहा कि उसका इंटरव्यू स्कोर कार्ड कम्पनी को भेजा जाएगा। अगले दिन फोन आया कि इंटरव्यू पास हो गया। रजिस्ट्रेशन प्रोसेस के लिए लिए 799 की पेमंट करनी होगी। प्रशांत ने उनके कहे अनुसार स्कैनर से रुपये भेज दिए। फिर प्रशांत से प्रोफाइल वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट जनरेट के लिए 3850 की मांग की। प्रशांत से अकाउंट खोलने व संबंधित दस्तावेज को 7500 की फीस मांगी। प्रशांत ने कहे अनुसार पैसे भेजता रहा। प्रशांत से प्लेसमेंट के नाम पर, ज्वाइनिंग के लिए रुपये भेजने को कहा। उन्होंने प्रशांत को कहा कि ज्वाइनिंग के बाद दूसरे माह में पैसे वापिस कर दिए जाएंगे। प्रशांत से इंशोरेंस बॉड के नाम पर 25722 रुपये भेजने को कहा। रुपये ना देने पर प्रशांत को ज्वाइनिंग कैंसिल करने की धमकी दी गई। प्रशांत से अलग-2 दस्तावेज व अन्य के नाम पर कुल 79913 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। प्रशांत से लैपटॉप की सिक्योरिटी के लिये 30500/- रुपये की मांग की। प्रशांत ने उनके द्वारा कागजात में दिए पते पर पता किया तो उसकी जगह प्लेसमेंट इंडिया डॉट कॉम कम्पनी का पता मिला। 22 जनवरी को आरोपी एमडी फरमान निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है।

## अर्जित भूमि की मूल अवार्ड राशि व बढ़ोतरी राशि के लिए भू-मालिक एक सप्ताह में दस्तावेज जमा कराएं

**रोहतक।** रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों रोहतक, पानीपत, सोनीपत, झज्जर के भू-मालिकों की शहरी संपदा विभाग द्वारा अर्जित भूमि की मूल अवार्ड की राशि व माननीय न्यायालयों द्वारा बढ़ोतरी राशि का भुगतान स्थानीय सेक्टर-2, 3 स्थित शहरी संपदा विभाग के भूमि अर्जन अधिकारी कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि सभी संबंधित भू-मालिक अपनी अर्जित भूमि से संबंधित दस्तावेज बैंक खाता की प्रति, आईएफएससी कोड संख्या, पैन संख्या व आधार संख्या इत्यादि उपरोक्त अधिकारी के कार्यालय में एक सप्ताह के अंदर जमा करवाए ताकि अवार्ड की राशि व बढोतरी राशि के वितरण कार्य का शीघ्र भुगतान किया जा सके। इसके उपरांत बढ़ोतरी राशि पर उपरोक्त कार्यालय द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।



## शारीरिक एवं मानसिक मजबूती के लिए सहायक है योग



**रोहतक।** तिलयार लेक स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में वीरवार को छात्रों के लिए करो योग भगाओ रोग नमक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर पीजीआईएमएस रोहतक से योगा एक्सपर्ट प्रवीण कुमार ने शिरकत की। उन्होंने छात्रों को बताया कि किस प्रकार से वह शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होते हुए अपनी पढ़ाई में लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं तथा उन्हें आसन तथा प्राणायाम की महत्वता के बारे में भी समझाया। मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए संस्थान के प्रिंसिपल इंचार्ज संजीब डे ने उनके संस्थान में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर इस कार्यशाला के समन्वयक मीनाक्षी, तरुण हुड्डा तथा छात्र मौजूद रहे।



## यूजी/पीजी डिस्टेंस मोड परीक्षाएं 28 जनवरी से होगी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि की यूजी/पीजी डिस्टेंस मोड (ऑफलाइन मोड/ऑनलाइन मोड) के पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 28 जनवरी से प्रारंभ होंगी। कंडक्ट ब्रांच ने इस बारे नोटिफिकेशन जारी कर बताया कि एमए, एमकॉम तथा एमएससी की तीसरे व चौथे सेमेस्टर की आफलाइन व ऑनलाइन मोड पाठ्यक्रमों की फ्रेश, री-अपीयर, इंप्रूवमेंट तथा बीए व बीकॉम की पांचवें व छठे सेमेस्टर की फ्रेश, री-अपीयर, इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 28 जनवरी से प्रारंभ होंगी। एमए, एमएससी व एम.कॉम की प्रथम व दूसरे सेमेस्टर ऑफलाइन व ऑनलाइन मोड की फ्रेश, री-अपीयर व इंप्रूवमेंट तथा बीए व बी.कॉम के प्रथम, दूसरे, तीसरे व चौथे सेमेस्टर ऑफलाइन व ऑनलाइन मोड की फ्रेश, री-अपीयर व इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 11 फरवरी से प्रारंभ होगी। विस्तृत जानकारी व डेटशीट विव वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।



## गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस ने कॉम्बिंग एवं सर्चिंग अभियान चलाया

रोहतक। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस द्वारा निरंतर सर्चिंग एवं कॉम्बिग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर होटल, ढाबे, धर्मशाला आदि में ठहरने वाले व्यक्तियों की गहनता से चेकिंग की गई। सभी प्रभारी थाना व चौकी प्रभारी के नेतृत्व में थाना के एरिया में सर्चिंग एवं कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा बम निरोधक दस्ते ने शहर में कई जगह चैकिंग अभियान चलाया।




**आह्वान** नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक

# शहर को स्वच्छता रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए करेंगे प्रयास : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम कार्यालय में वीरवार को अभिनव सिवाच संयुक्त आयुक्त व भूपेंद्र सिंह संयुक्त आयुक्त की अध्यक्षता में नगर निगम व पालिकाओं के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के कार्य को गंभीरता से लेकर कार्य करें तथा इसकी कार्य योजना तैयार करें। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत सभी वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाये जायेंगें। स्कूल, कॉलेजों में स्वच्छता बारे जागरूकता अभियान चलाये जायेंगें। तथा विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति प्रतियोगिताए भी करवाई जायेंगी। स्वच्छता बारे आमजन को जागरूक किया जाना अति आवश्यक है। क्योकि उनके सहयोग बिना यह कार्य संभव नहीं है। आमजन की भागीदारी के साथ विशेष सफाई अभियान चलाये जाएं। ताकि सफाई का कार्य आमजन की आदत बन जाए। आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मजबूत पक्ष को निरंतर बनाये रखे। तथा कमजोरियों को जल्द से जल्द दूर किया जाये। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में ऐसे व्यक्तियों को भी चिन्हित कर स्वच्छता चैंपियन बनाया जायेगा। जोकि स्वयं तो स्वच्छता के कार्य में सहयोग करते हैं। तथा अन्य व्यक्तियों को भी इस कार्य हेतु प्रेरित करते है।



रोहतक। नगर निगम व पालिकाओं के अधिकारियों के साथ बैठक लेते अभिनव सिवाच संयुक्त आयुक्त व भूपेंद्र सिंह संयुक्त आयुक्त। फोटो :हरिभूमि

### लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें

कमिश्नर ने कहा कि नगर निगम की टीमों द्वारा आमजन को गीला व सूखा कूड़ा अलग करना, गीले कूड़े से खाद तैयार करना, प्लास्टिक का प्रयोग न करने आदि के बारे में जागरूक किया जाएगा। बेहतर कार्य करने वाले नागरिकों को स्वच्छता चैंपियन के तहत नगर निगम द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ताकि उनके साथ-साथ अन्य व्यक्ति भी स्वच्छता चैंपियन में बढ़-चढ़ कर भाग लें तथा वे अपने घर के साथ-साथ अपने आस-पास के क्षेत्र में भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। मीटिंग में कार्यकारी अभियंता मंदीप सिंह, सचिव नवीन कुमार व प्रदीप कुमार, नगर अभियंता तरूण कुमार व अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।



चाइल्ड आर्टिस्ट्स

कोई भी राष्ट्रीय पर्व आता है तो बच्चे एक अलग ही जोश से भर जाते हैं। वे देशप्रेम से ओत-प्रोत हो जाते हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बालभूमि ने कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स से पूछा कि उन्हें अपने देश में कौन-कौन सी विशेषताएं बहुत अच्छी लगती हैं? देश को मजबूत बनाने के लिए उनके क्या प्रयास हैं? बड़े होकर वे देश के लिए क्या करना चाहेंगे? इन्होंने जो जवाब दिए, हर बच्चे के लिए बहुत ही इंस्पायरिंग हैं।

# करना है कुछ अपने देश के लिए

## अपनी पेंटिंग्स से पॉजिटिविटी फैलाना चाहती हूं : आरिया सकारिया





**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में लछम्मा की भूमिका में अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाली आरिया सकारिया देश को लेकर अपनी भावनाएं कुछ ऐसे व्यक्त करती है, 'मुझे अपने भारत की विविधता में एकता सबसे ज्यादा भाती है। भाषाएं, रहन-सहन, त्योहार, संस्कृति ये सब अलग-अलग होने के बावजूद हम सभी एक साथ मिलजुल कर रहते हैं, यही विविधता में एकता वाली भावना हमारे देश की खास पहचान है, खूबी है।'

आरिया एक्टिंग के साथ-साथ पेंटिंग भी करती है। वह अपनी पेंटिंग के माध्यम से कुछ बड़ा करना चाहती है। आरिया कहती है, 'मैं अपनी पेंटिंग्स के जरिए लोगों में पॉजिटिविटी पैदा करने की कोशिश करती हूं। मैं अपनी पेंटिंग्स के जरिए भारत की संस्कृति और परंपराओं को सबके सामने लाना चाहती हूं। इसके अलावा मैं आर्ट में इंटरेस्टेड गरीब बच्चों को पेंटिंग करना सिखाना चाहूंगी ताकि वे भी कुछ क्रिएटिव करें और खुश रहें।' *

## कोशिश रहती है हर जगह रहे स्वच्छता : कविश खुंगर





**कविश खुंगर** शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में कान्हा की भूमिका बहुत ही प्रभावशाली ढंग से निभा रहा है। देश के लिए अपनी फीलिंग्स शेयर करते हुए वह कहता है, 'हमारे देश में हर जाति-धर्म, के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। जरूरत के वक्त सब एक-दूसरे की मदद करते हैं। मुझे अपने देश की यही बात सबसे ज्यादा अच्छी लगती है।' कविश देश को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देता रहता है। वह कहता है, 'मैं अभी छोटा हूं लेकिन हमेशा यही कोशिश रहती है कि अपने आस-पास हर जगह स्वच्छता रखूं। मैं कभी भी रास्ते पर कचरा नहीं फेंकता, जो कचरा फेंकता है उसे रोकता हूं। यह बात मैंने अपनी मां से सीखी है। वह हमेशा इसी तरह की अच्छी-अच्छी बातें मुझे सिखाती हैं। जब मैं बड़ा हो जाऊंगा तो एक अच्छा एक्टर बनूंगा और अपनी एक्टिंग से अपने देश का नाम रोशन करूंगा।' *

## शिक्षा और पर्यावरण के लिए काम करना चाहूंगा : आर्यन प्रजापति





**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ह्रितिक का किरदार निभाकर आर्यन प्रजापति ने दर्शकों को मोह रखा है। जब उससे अपने भारत की खूबियों की बात होती है तो वह मुस्कराते हुए कहता है, 'हमारे पूरे देश के त्योहार, रहन-सहन, खान-पान ये सब, जगह-जगह के हिसाब से अलग-अलग हैं, लेकिन सब साथ मिलकर खुशियां मनाते हैं। मुझे तो भारत के अलग-अलग हिस्सों से आए बच्चों से मिलना और उनकी कहानियां सुनना, उनके ट्रेडिशन और कल्चर के बारे में जानना बहुत पसंद है।'

आर्यन एक अच्छा नागरिक बनकर देश की तरक्की में अपना योगदान देना चाहता है। वह कहता है, 'अभी तो मैं छोटा हूं, लेकिन अपने देश को बेहतर बनाने के लिए छोटी-छोटी कोशिशें करता रहता हूं, जैसे स्कूल और घर के आस-पास सफाई का ध्यान रखना, कचरा हमेशा कूड़ेदान में डालना, पानी और बिजली की बर्बादी न करना और पेड़ लगाना। मेरी यह भी कोशिश रहती है कि जरूरतमंदों की मदद करूं। बड़े होकर मैं कोई ऐसा काम करना चाहूंगा, जिससे मेरे देश को गर्व हो। मैं शिक्षा और पर्यावरण के लिए काम करना चाहूंगा। मेरा सपना है कि हमारा भारत दुनिया का सबसे मजबूत और खुशहाल देश बने।' *

## मैं देश में समानता का भाव लाना चाहता हूं : हनीश कौशल



**जी टीवी के** शो 'जागृति-एक नई सुबह' में आकाश का रोल प्ले कर रहे हनीश कौशल को अपने देश भारत में यूं तो बहुत सारी विशेषताएं दिखती हैं, लेकिन उसे सबसे बड़ी विशेषता लगती है अनेकता में एकता। हनीश कहता है, 'हमारे देश में कश्मीर से कन्याकुमारी तक अलग-अलग जाति, समुदाय के लोग रहते हैं और अनेक भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन हम सब एक हैं।' हनीश बड़े होकर एजुकेशन की फील्ड में कुछ बड़ा और अच्छा करना चाहता है। वह कहता है, 'मैं शो 'जागृति-एक नई सुबह' में आकाश का रोल प्ले कर रहा हूं, जिसमें मैं यह बता रहा हूं कि कोई भी जाति छोटी या बड़ी नहीं होती। हमें सबको एक समान समझना चाहिए। मैं देश में समानता के भाव लाना चाहता हूं। जैसे मैं अपने शो में जागृति को सपोर्ट कर रहा हूं, उसी तरह हम सबको एक-दूसरे का सहारा बनकर आगे बढ़ना चाहिए। मैं बड़े होकर कम से कम दस स्कूल खोलना चाहता हूं, जिसमें बच्चे फ्री में एजुकेशन पा सकें। *



## उन बच्चों की मदद करना चाहती हूं जो स्कूल नहीं जा पाते : परी भानुशाली





**सन नियो** चैनल के शो 'साझा सिंदूर' में नायरा की भूमिका निभाकर परी भानुशाली ने सबका दिल जीत लिया है। वह गणतंत्र दिवस को लेकर काफी उत्साहित दिखती है। परी को अपने देश की कई सारी खूबियां बहुत पसंद हैं। वह ये खूबियां गिनाती है, 'अपने देश में इतने सारे फेस्टिवल्स हैं, जैसे- दिवाली, होली, ईद और क्रिसमस। मैं इन सभी फेस्टिवल्स को खूब एंज्वॉय करती हूं। भारत में अलग-अलग संस्कृति और प्रांत के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। मुझे अपने देश का खाना, यहां की ट्रेडिशनल ड्रेसेस, सुंदर जगहें, ये सब बहुत पसंद हैं। ऐसा लगता है, जैसे हमारा पूरा इंडिया एक हैप्पी फैमिली है।' परी अपने देश को मजबूत बनाने के लिए कुछ छोटे-छोटे प्रयास करती है, वह बताती है, 'मैं अपने घर और स्कूल को हमेशा साफ रखने की कोशिश करती हूं। यह भी सीख रही हूं कि नेचर और एनवॉयर्नमेंट को सेफ कैसे रखना है? मैं पेड़ लगाने और पानी बचाने का महत्व समझने लगी हूं।' बड़े होकर परी उन बच्चों की मदद करना चाहती है, जो स्कूल नहीं जा पाते। वह आगे कहती है, 'मैं चाहती हूं कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले। मुझे लगता है कि हमारे छोटे-छोटे अच्छे काम हमारे भारत को बेहतर और खुशहाल देश बना सकते हैं।' *

**प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स**

## जीके क्विज- 138




1. हाल ही में मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार पाने वाले हरमनप्रीत सिंह का संबंध किस खेल से है?
2. पूर्व सेना प्रमुख जनरल वी. के. सिंह किस राज्य के राज्यपाल बनाए गए हैं?
3. इस साल 2025 में क्रमानुसार कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
4. इस साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि कौन होंगे?
5. भारत का संविधान तैयार करने में कुल कितना समय लगा था?
6. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
7. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
8. 'जन गण मन' को राष्ट्रगान कब घोषित किया गया था?
9. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' किसने लिखा था?
10. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

बच्चों, जीके क्विज-138 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-137 का उत्तर :** 1.प्रयागराज, 2.बृहस्पति, 3.ब्रेन रोट, 4.केरल, 5.विटामिन ए, 6.सवाई जय सिंह, 7.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 8.हड्डी, 9.अमर प्रीत सिंह, 10. 23.5 डिग्री

**जीके क्विज-137 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शिवांगी-बिलासपुर, कबीर-हिसार, सूरज-मुंगेली, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, चिन्मय-रोहतक, आदित्य-बालोद, कविता-भोपाल, रोहित-मटियारी, साकेत-बेमेतरा, किंशुक-दुर्ग, अक्षय-बेमेतरा, रोहित-भोपाल, कविता-बलौदा बाजार

## बूझो तो जानें



1
तीन रंगों बना तिरंगा,
है इसकी पहचान।
बीच चक्र उन्नति का मानो,
अपना देश महान।

2
आर्यावर्त नाम था प्यारा,
विश्व गुरु भी कहलाया।
पूरे विश्व मे नाम का अपने,
लोहा भी मनवाया।

3
माह जनवरी में इक आता,
राष्ट्र पर्व है पावन।
मिल जुल कर सब इसे मनाते,
पर्व बहुत मनभावन।

-कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

उत्तर 1.राष्ट्र ध्वज, 2.भारत, 3. गणतंत्र दिवस

## कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

सुदीप इस बात से बहुत खुश था कि इस बार उसकी बर्थ-डे पार्टी में उसके आर्मी ऑफिसर पापा घर में मौजूद रहेंगे। वह ज्यादातर घर से दूर देश में किसी ना किसी जगह जरूरी ड्यूटी पर होते हैं। सुदीप ने पापा के साथ मार्केट जाकर बहुत उत्साह से एक स्पेशल केक का ऑर्डर दिया था। लेकिन तभी एकाएक पापा को किसी जरूरी मिशन पर जाना पड़ा। क्या सुदीप ने अपना बर्थ-डे सेलिब्रेट किया, केक काटा?

# ऑपरेशन केक



सुदीप इन दिनों बहुत खुश था, क्योंकि इस बार उसके जन्मदिन पर पापा उसके साथ होने वाले थे। ऐसा बहुत कम होता है कि उसके जन्मदिन पर उसके पापा उसके साथ हों। सुदीप के पापा सेना में अधिकारी हैं। आमतौर पर ऐसा होता है कि छब्बीस जनवरी को होने वाले उसके जन्मदिन पर वे अपनी नौकरी के कारण घर से बहुत दूर होते हैं। कई बार तो घर में यह पता ही नहीं होता था कि वे उस दिन हैं किस जगह पर। लेकिन इस बार उसके पापा उसके जन्मदिन से कुछ दिन पहले पंद्रह दिन की छुट्टी पर घर आए हुए थे।

पच्चीस जनवरी की शाम को सुदीप अपने मम्मी-पापा के साथ बाजार गया। सबसे पहले वे कंफेक्शनरी की दुकान पर गए, जहां सुदीप ने अपना मनपसंद केक चुना, जो अगले दिन तक तैयार होना था। इसके बाद उन लोगों ने जन्मदिन मनाने के लिए कई तरह का दूसरा सामान भी खरीदा। जब वे लोग वापस घर पहुंचे तो सुदीप बहुत खुश था। वह अपनी कल्पना में यह दृश्य देख रहा था कि वह जन्मदिन का केक काट रहा है। आस-पास खड़े उसके मम्मी-पापा और दोस्त 'हैप्पी बर्थ-डे टू यू' गाते हुए तालियां बजा रहे हैं।

रात को सोने से पहले तक सुदीप इन्हीं ख्यालों में खोया रहा। उसे नींद आई ही थी कि मम्मी ने उसे जगा दिया और बताया कि पापा को उनके ऑफिसर ने फोन करके तुरंत ड्यूटी पर वापस बुलाया है। वे जाने की तैयारी कर रहे हैं। यह सुनते ही सुदीप एकदम से उठकर बैठ गया, बोला, 'लेकिन मम्मी, पापा को तो अभी एक हफ्ते तक यहीं रहना था न! उनकी छुट्टी थी!' 'वो ठीक है बेटा, लेकिन अगर उन्हें तुरंत बुलाया गया है तो जाना ही होगा न, सेना के लोगों को जरूरत पड़ने पर जाना ही पड़ता है, उनके लिए देश के काम सबसे पहले होते हैं, बाकी काम बाद में।' मम्मी ने प्यार से समझाया।

सुदीप बिस्तर से उतरकर उस कमरे में गया, जहां पापा अपना सामान अटैची में रख रहे थ। रुआंसी आवाज में वह उनसे बोला, 'पापा, आप क्यों जा रहे हैं आज ही? एक दिन और नहीं रुक सकते क्या? कल तो मेरा बर्थ-डे है।'

'बेटा, मेरा जाना बहुत जरूरी है। जरूर कोई ऐसी बात होगी जो हमारी जरूरत पड़ी है, देश की सुरक्षा और सेवा के लिए हमें सदैव तैयार रहना चाहिए। यह तो हमारा फर्ज है।' पापा ने जवाब दिया।

'किसी ऑपरेशन के लिए जाना है क्या पापा?' सुदीप ने पूछा। उसे मालूम था कि देश के किसी बड़े काम को सेना वाले ऑपरेशन कहते हैं।

'बेटा, इस बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता, बस बुलाया गया है, इसलिए तुरंत जा रहा हूं।' पापा ने कहा और फिर से अपनी तैयारी में लग गए। कुछ घंटे पहले जो सुदीप इतना खुश था, अब बहुत उदास हो गया। उसने तो क्या-क्या सपने देखे थे कि इस बार उसके जन्मदिन पर उसके पापा साथ होंगे तो कितना मजा आएगा लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा था।

कुछ देर बाद पापा ने टैक्सी बुलाई और एयरपोर्ट के लिए निकल गए।

उनके जाने के बाद मम्मी ने सुदीप को सो जाने के लिए कहा। सुदीप बिस्तर पर लेट तो गया, लेकिन उसे नींद नहीं आ रही थी। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि ऐसा कैसे हो गया। उसके जन्मदिन पर उसके पापा यहां होते तो कितना अच्छा होता। पिछले साल भी उसके पापा उसके जन्मदिन पर उसके साथ नहीं थे। यही सब सोचते-सोचते उसे नींद आ गई।

सुबह होने पर मम्मी ने उसे जगाया तो बड़े उदास स्वर में वह बोला, 'मम्मी, पापा तो होंगे नहीं आज घर में, तो बर्थ-डे भी क्या मनाना है!'

'अरे बेटा, ऐसा थोड़े ही कहते हैं। बर्थ-डे तो मनाना ही है तुम्हें। तुमने अपने सारे दोस्तों को भी तो बुलाया हुआ है।' मम्मी बोलीं। 'नहीं मम्मी, मेरा मन नहीं कर रहा बर्थ-डे मनाने के लिए। मैं सब दोस्तों को फोन करके मना कर दूंगा आने के लिए। हमने केक का जो ऑर्डर दिया है, वह भी कैंसिल करवा देंगे।' कहते हुए सुदीप ने करवट बदल ली। उसकी आंखों से आंसू बहने लगे।

मम्मी ने उसे बहुत समझाया, लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। थक-हारकर मम्मी रसोई में चली गईं।

कुछ देर बाद सुदीप को फिर नींद आ गई। नींद में उसे एक सपना आया। सपने में उसके पापा उससे कह रहे थे, 'बेटा, हम लोग देश की सुरक्षा से जुड़े किसी बड़े काम के लिए जा रहे हैं।' पापा हंसकर आगे बोले, 'ऑपरेशन का नाम है ऑपरेशन केक! तुम भी शाम को अपने बर्थ-डे पर केक काटकर ऑपरेशन केक पूरा करना।'

तभी सुदीप की नींद खुल गई। कुछ देर तक वह सपने के बारे में सोचता रहा और फिर अचानक वह उत्साह से भर उठा, 'अरे! यह कितने प्राउड की बात है पापा देश के लिए किसी बड़े काम पर जा रहे हैं।' सुदीप ने रसोई में मम्मी के पास जाकर बड़े उत्साह भरे स्वर में सपने वाली बात बताई, 'मम्मी, शाम को मैं बर्थ-डे मनाऊंगा और ऑपरेशन केक पूरा करूंगा। उधर पापा भी देश के लिए कोई बड़ा काम करने के लिए निकले हैं, जो देश की सुरक्षा के लिए जरूरी होगा।'

सुदीप की बात सुनकर मम्मी मुस्कुरा पड़ीं, उन्होंने प्यार से उसे गले लगा लिया। *

## कविता

गौरीशंकर वैश्य विनम्र



### हमें देश प्राणों से प्यारा

विश्व पटल पर भारत चमके
जैसे जगमग ध्रुवतारा।।
हमें देश प्राणों से प्यारा
हम भारत के बच्चे हैं।
मातृभूमि के लिए समर्पित
वीर बहादुर सच्चे हैं।
सिंह सपूतों की दहाड़ से
भय खाता अरिदल सारा।।
कभी नहीं कम होने देंगे
जनगणमन की शान को।
बाह्य और अंतर खतरों से
आंच न आए आन को।
प्रेरित करता संघर्षों हित
'वंदेमातरम' का नारा।।
श्रम, विज्ञान, कला-कौशल से
उन्नत देश बनाना है।
बहु संस्कृतियों के फूलों से
नव उद्यान सजाना है।
ध्वजा तिरंगा लहराता है
बहती देशभक्ति-धारा।।

## रंग भरो-167

**रंग भरो-167** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





हिमांक, दुर्ग



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



केशव, कोरबा



तेजस, रायपुर



मायरा, बलौदा बाजार



शौर्य, रोहतक

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अहाना-रतनपुर, डॉली-मटियारी, रितेश-मटियारी, हनी-दुर्ग, सौम्या-दुर्ग, कार्तिक-खैरागढ़, प्रगति-बिलासपुर, सार्थक-रायपुर, शौर्य-रोहतक, सौम्य-बालोद, वैभव-दुर्ग, वाणी-रायपुर, वसनिक-रायपुर, वेदिका-बालोद, अमितेश-रायगढ़, कुनिका-बिलासपुर

## रंग भरो 168



बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में तीन बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता बताओ

बच्चों, अजय और पाखी गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। आनंद को भी उन दोनों के साथ इस समारोह में शामिल होना है, लेकिन अजय-पाखी तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम आनंद को उन दोनों तक पहुंचने का रास्ता बताओ।



## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार में नाम आने पर की कड़ी निंदा

**रोहतक।** प्रदेश के पटवारियों पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप के बाद मामला गरमाया हुआ है। इसमें शहर के कुछ वसीका नवीसों का भी नाम आया है। जिसे वसीका नवीस एसोसिएशन ने बेबुनियाद बताया है। कहा कि यह तथ्यों के आधार पर खरा नहीं है। एसोसिएशन के प्रधान मोहन कुमार वशिष्ठ ने बताया कि किसी भी वसीका नवीस का पटवारीयों से कोई लेना देना नहीं होता है। उसका काम तो रजिस्ट्री लिखना मात्र होता है, वह रजिस्ट्री तभी लिखता है जब रजिस्ट्री के सभी नॉर्म पूरे हो जाए। जिनका नाम आया है, वह उनकी छवी खराब करने कि नियत से किसी रंजिश में लिया लगता है।

### उपायुक्त ने प्रशासनिक भवन का किया उद्घाटन

**रोहतक।** उपायुक्त एवं मॉडल एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष धीरेंद्र खडग़टा ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर-4 स्थित मॉडल स्कूल के प्रांगण में नए प्रशासनिक भवन का दीप जलाकर उद्घाटन किया। कहा कि मॉडल विद्यालय का समस्त स्टाफ विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा देने के लिए पूरी तत्परता के साथ प्रयासरत है ताकि बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडक़र समाज की उन्नति को एक नया आयाम दिया जा सके। सोसायटी के सचिव राजेश कुमार सहगल ने विद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्या रितु मदान ने विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद किया और यह आश्वासन दिया कि विद्यालय को नए आयाम तक पहुंचाया जाएगा।

### एसबीआई ने भेंट किए ब्लैक बोर्ड, पंखे और डेस्क

**रोहतक।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सीएसआर के तहत डॉ. बीआर अंबेडकर स्कूल, सुखपुरा चौक में विद्यार्थियों के लिए डेस्क, ब्लेक बोर्ड, पंखे, छोटे बच्चों के बैठने की कुर्सियां और दरियां आदि की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय रोहतक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार यादव द्वारा माध्यमिक स्कूल के प्राचार्य मोहर सिंह व प्राथमिक स्कूल की मुख्य अध्यापिका सीमा कुमारी एवं स्टाफ सदस्य, विद्यार्थियों तथा क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय रोहतक से अतुल चौधरी (प्रबंधक, मानव संसाधन) एवं सुशील कुमार चौहान (प्रबंधक) की उपस्थित में उक्त सुविधाएं वितरित की गई।

नेताजी अमर रहें के नारों के साथ उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया

# जिलेभर में आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित कर किया नमन

भाजपा प्रदेश कार्यालय मंगलकमल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा प्रदेश कार्यालय मंगलकमल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका एडवोकेट ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस का भारत को आजादी दिलाने में एक अहम योगदान रहा। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया ने कहा सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज के मुखिया होने के नाते सभी देश भक्तों को आजाद हिंद फौज में शामिल किया और आजादी की लड़ाई लड़ कर इन्हीं क्रांतिकारियों के बलिदानों से भारत देश आजाद हुआ। इस मौके पर वीर सिंह हुड्डा जिला उपाध्यक्ष ,राजरानी शर्मा, सरोज हुड्डा, प्रमोद सांपला, पंकज भारद्वाज , डॉ अशोक रंगा, एडवोकेट अतर सिंह पवार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक शीशपाल सिंह चौहान ने किया।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बलिदान से लें प्रेरणा

**रोहतकः** पराक्रम दिवस पर सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर नेताजी सुभाष पार्क सुभाष नगर में आर डब्ल्यू ए के सदस्यों ने समाज के अलग अलग श्रेत्र से समाजसेवियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। नेताजी को पुष्प अर्पित करते हुए युवाओं ने नेताजी अमर रहें अमर रहे के नारों के साथ प्रसाद बांटते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रवीन सहगल, जसबीर कुमार समाजसेवी, सुरेन्द्र वधवा, आशू चिटकारा, गुलशन डंग, राजेश मलिक, गौरव, धर्मसिंह छोकर,जगदीप पथ सोसायटी, अनिल मल्होत्रा, यशवीर खरब, राजन मदान, जीतू मलिक, राजकुमार डंग, प्रदीप सहगल, शैलेन्द्र शर्मा, राजकुमार गांधी,कमल दुरेजा, अनिल अरोड़ा, डॉ संजीव नंदा, हरीश चावला, जितेंद्र चुघ, अशोक निझावन मौजूद रहे।



रोहतक। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उन्हे श्रद्धांजलि देते राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डा. प्रदीप व अन्य विद्यार्थी।

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस के बलिदान को याद किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में बृहस्पतिवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग के प्राध्यापक डा. प्रदीप इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे। डॉ. प्रदीप ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक महान क्रांतिकारी थे। वे आजादी के आंदोलन में भारतीय व विश्व राजनीति में सबसे चर्चित व्यक्तियों में से एक थे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने महिलाओं को आजादी आंदोलन से जोडने में मुख्य भूमिका निभाई थी तथा आजाद हिंद फौज में रानी लक्ष्मीबाई ब्रिगेड बना कर महिला नेतृत्व को स्थापित किया, ऐसा उनका कहना था।



रोहतक। विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते प्राचार्या इंदु सपरा।

### श्रद्धा के साथ मनाई नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में बृहस्पतिवार को महाविद्यालय की प्राचार्या इंदु सपरा के कुशल नेतृतत्व एवं मार्गदर्शन में नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। डॉ. राकेश ने छात्राओं को नेताजी के जीवन, उनके मूल्यों तथा राष्ट्रीय आंदोलन में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। डॉ. बलराम ने साहित्य के संदर्भ में नेता की उपलब्धियां तथा उनके कार्यों के बारे में बताया। डॉक्टर कविता ने उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने के संदर्भ में प्रकाश डाला। प्राचार्या इंदु सपरा ने आज के संदर्भ में नेताजी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया तथा छात्राओं को कॉलेज की गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. अंजली मान, डॉ. कविता, डॉ. सुनील धनखड़, डॉ. प्रदीप मान, डॉ. नवीन, डॉ. विनोद, डॉ. सुनीता आदि मौजूद रहे।

### मदर इंडिया स्कूल में धूमधाम से मनाई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

**महम।** मोखरा के मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों व विद्यार्थियों ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर सभी स्टाफ सदस्यों ने पुष्प अर्पित करके की । संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रिंसिपल राजबीर सिंह, निदेशक विजेंद्र आचार्य, सज्जन कुमार ने नेता जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नेता जी राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता थे, जिन्होंने देश को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाने के लिए मुख्य भूमिका निभाई। प्राचार्य ने उनके जीवन की अनेकों घटनाओं से रूबरू कराया तथा बताया कि वो आईसीएस परीक्षा चौथे रैंक पर उत्तीर्ण करने वाले प्रथम भारतीय थे। फिर भी देश सेवा करना व देश को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाना सर्वोपरि समझा।





### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**रोहतक।** सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया तथा इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों से विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया, विद्यार्थियों के द्वारा सुभाष चंद्र बोस की जीवनी और उसके कार्यों पर प्रकाश डाला गया, विभाग की तरफ से डॉ विकास डॉक्टर जगबीर कुंडू ने भी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को बताया ओर विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि उनके कदमों पर चलकर देश में अपना योगदान दे।

इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ रेनू राणा, डॉक्टर जगबीर कुंडू, डॉ विकास खोखर, डॉक्टर रामपाल बुधवार, डॉक्टर राकेश दानिया और इतिहास विभाग के नरेंद्र मलिक, डॉक्टर कश्मीर आदि उपस्थित रहे।

# वेद मॉडल स्कूल में साइंस क्वीज व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कलानौर स्थित वेद मॉडल इंटरनेशनल स्कूल के प्रागंण में चल रही इंटर स्कूल प्रतियोगिता के चौथे दिन मेथ्स व साइंस क्वीज, कलरिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिनमें वेद मॉडल स्कूल के अतिरिक्त अन्य स्कूलों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया।

प्रतियोगिताएं आज के समय में निसंदेह बच्चों का सर्वांगीण विकास करती हैं। हर दिन बच्चों का जोश देखते ही बनता है। याद रहे 26 जनवरीतक चलने वाली इन प्रतियोगिताओं में क्षेत्र के 100 से ज्यादा स्कूलों के लगभग 2000 बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। स्कूल की तरफ से भी बच्चों की हौंसला अफजाई के लिए लाखों के नकद व स्कॉलरशिप के इनाम रखे गए हैं। स्कूल चेयरमैन वेद प्रकाश जांगड़ा ने बताया कि उनका एकमात्र प्रतिभा को आगे लाना है। जीवन का उद्देश्य बच्चों में छुपी आज की प्रतियोगिताओं को आगे लाना है। इस दौरान समर, श्रेया, आकांशा, सक्षम,




आरिल्ला, सुनैना आर्यन ने अपने-अपने ग्रुप में प्रथम, हर्षित, अक्षय दीक्षा, ऐंजल, अनिरुध, बिहान, पारसी, अनु ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

## न्यूज डायरी



### अशोक दीक्षित ने संगठनों का आभार व्यक्त किया

रोहतक। पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच की पूरी टीम ने पंडित श्रीराम शर्मा प्रतिमा अनावरण समारोह रोहतक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी , कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा एवं जिला प्रशासन व विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रोग्राम में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया है। पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच के अध्यक्ष ने डॉ. अशोक दीक्षित ने कहा कि समारोह लोगों को वर्षों तक याद रहेगा। क्योंकि इस कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों के अलावा समाज के प्रत्येक वर्ग से लोग शामिल हुए। लोगों के शामिल होने की वजह ये रही कि पंडित श्रीराम शर्मा किसी एक जाति विशेष के नेता नहीं थे। उन्होंने प्रत्येक जाति, धर्म, सम्प्रदाय के कल्याण के लिए कार्य किया था।

# रोटरी क्लब ने स्काउट गाइड यूनिफॉर्म वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वीरवार को लाढ़ौत रोड पर स्थित गुरुकुल विश्वभारती में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती, जिसे पराक्रम दिवस के नाम से भी जाना जाता है, बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में मनजीत मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी,रोहतक ने भाग लिया और विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय प्रेम जैसे गुण अपनाएं । अजय बंसल ,सुशील अध्यक्ष रोटरी क्लब रोहतक, सचिव शिव एरन,संजय वर्मा ने पराक्रम दिवस के अवसर पर गुरुकुल के ब्रह्मचारियों की संपूर्ण टीम को स्काउट यूनिफॉर्म वितरित की । गुरुकुल के निदेशक आचार्य नंदकिशोर ने अपने संबोधन में गुरुकुल शिक्षा पद्धति के महत्व पर जोर दिया, जिसमें ना केवल शैक्षणिक ज्ञान दिया जाता है। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुशील, सचिव शिव एरन, डॉ. कृष्णा (हिंदी प्रवक्ता एवं सोशल वर्कर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल) बलराज आर्य और गुरुकुल प्राचार्य संजय कौशिक समेत सभी शिक्षक और छात्र भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस महत्वपूर्ण दिन को बेहद यादगार बनाया। सचिव शिव एरन ने गुरुकुल को हर संभव सहायता देने का भी वायदा किया।





### इंडस पब्लिक स्कूल में 'पराक्रम दिवस' पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया

रोहतक। इंडस पब्लिक स्कूल में वीरवार को सुभाषचंद्र बोस जयंती पर कक्षा चौथी के छात्रों द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। गायत्री मंत्र के द्वारा प्रारंभ हुई सभा में छात्रों ने प्रार्थना आज का विचार, समाचार, कविता, शब्द, स्लोगन व भाषण की सुंदर ओजस्वी व देश भक्तिपूर्ण प्रस्तुति दी। इस अवसर पर छात्रों ने राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ ली। विद्यालय की निदेशिका डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि 23 जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिन का उद्देश्य न केवल नेताजी की महानता को याद करना है बल्कि उनके आदर्शों को भी जीवित रखना है। विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने कहा कि देश के लिए संघर्ष करने में कोई भी बलिदान छोटा नहीं होता तथा हमें अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी निष्ठा और साहस के साथ काम करना चाहिए।

### 26 को किसान ट्रैक्टर परेड में शामिल होंगे कई संगठन

**रोहतक।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान किसान आंदोलन की लंबित मांगों को लेकर रोहतक में 26 जनवरी को किसान- मजदूर मिलकर ट्रैक्टर परेड निकालेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर वीरवार को किसान सभा ने गावों का दौरा किया । परेड नई अनाज मंडी से शुरू होकर दिल्ली बाइपास पर समाप्त होगी। किसान सभा राज्य महासचिव सुमित दलाल ने बताया कि किसान आंदोलन के 13 महीने के चलने के बाद केंद्र सरकार को तीन कृषि कानून रद करने पड़े थे। लेकिन अब दोबारा से इन्हीं कानूनों को नई कृषि व्यापार नीति के माध्यम से लागू कर रही है। जिसके चलते आने वाले समय में सरकारी मंडियां बंद होंगी और प्राइवेट मंडिया स्थापित की जाएगी । दलाल ने कहा कि इस नई नीति में कहीं भी किसानों को एमएसपी देने का जिक्र नहीं है। उल्टे किसानों की जमीनों को हथियाने के लिए कॉर्पोरेट खेती को बढ़ावा देने का नियम बना दिया गया। बिजली कानूनों के माध्यम से स्मार्ट मीटर पर लगाए जाने की योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है।



### बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल में नेताजी की जयंती मनाई

**रोहतक।** अस्थल बोहर बीएमयू कैंपस स्थित बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस पर अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी के छात्रों ने सांस्कृतिक नृत्य में भाग लिया । कक्षा यूकेजी और एलकेजी के छात्रों ने स्वतंत्रता सेनानियों की पोशाक में उनके प्रसिद्ध स्लोगनों का प्रस्तुतीकरण बहुत ही सुंदर तरीके से किया। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के छात्रों ने सुभाष चंद्र बोस से संबंधित कविता व भाषण का प्रस्तुतिकरण किया। कक्षा छठीं से आठवीं तक के छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय 'संविधान' था। इन प्रतियोगिताओ में छात्रों ने बहुत ही बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूल के निदेशक कृष्ण कुमार मलिक' व प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार द्वारा कराया गया। अंत में निदेशक ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### सांपला में निकाली संविधान गौरव यात्रा

**रोहतक।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरा होने पर देश भर में चल रहे संविधान गौरव अभियान के तहत संविधान को जन जन तक पहुंचाने के लिए यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।



जिसको लेकर हर रोज कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही संविधान को आम जनता तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सांपला में पद यात्रा आयोजित की गई। यात्रा नगर पालिका अध्यक्ष विजेंद्र इंदौरा के कार्यालय से मुख्य मार्गों से होते हुए पहुंची।

भीड़ में मास्क पहन कर ही जाएं: डॉ प्रीति सैनी

# एचएमपीवी वायरस के प्रति किया जागरूक

- सात दिवसीय एनएसएस कैम्प के छठे दिन आज स्वयं सेवकों को एचएमपीवी वायरस व अन्य बीमारियों के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




उपस्वास्थ्य केंद्र रिठाल की डॉक्टर प्रीति सैनी और उनकी टीम ने रा. मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिठाल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैम्प के छठे दिन आज स्वयं सेवकों को एचएमपीवी वायरस व अन्य बीमारियों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एचएमपीवी वायरस सांस संबंधी किसी भी दूसरे वायरस जैसा ही है। इससे संक्रमित व्यक्ति में सामान्य सर्दी और फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसलिए गले के दर्द और जुकाम को लेकर लापरवाही न बरतें। डॉ. प्रीति ने कहा कि इससे बचने के लिए साबुन व सेनिटाइजर के प्रयोग से हाथों की समुचित सफाई रखें। खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोएं। भीड़ में जाना हो तो मुंह पर मास्क पहनें, सामाजिक दूरी बनाकर रखें, नियमित व्यायाम करें, तनाव से बचें, पौष्टिक आहार का सेवन करें और अधिक से अधिक पानी पीएं। इससे पूर्व हार्टफुलनेस संस्था की ओर से सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी फूलसिंह ढाका और ब्रिगेडियर (से.नि.) महासिंह हुड्डा ने योग, प्राणायाम व मेडिटेशन का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग जहां शरीर को चुस्त-दुरुस्त व स्वस्थ रखता है वहीं प्राणायाम श्वसनतंत्र को मजबूत बनाता है। अतिथियों और विषय वक्ताओं का स्वागत करते हुए कार्यक्रम अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इसलिए युवाओं को व्यसनों से दूर रहते हुए पौष्टिक आहार, खेल तथा नियमित व्यायाम से अपने शरीर को स्वस्थ रखने पर ज़ोर देना चाहिए। साथ ही उन्हें मानसिक तौर मजबूत, वैचारिक तौर पर परिपक्व व नैतिक रूप से चरित्रवान होना होगा। तभी हम जीवन में मनचाही सफलता हासिल कर पाएंगे और दूसरों की मदद भी कर पाएंगे।

### हाथ वाली रिक्शा उपलब्ध होने पर उपायुक्त का जताया आभार

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष धीरेंद्र खडग़टा ने सोसायटी के सचिव को निर्देश जारी किए है कि जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्ति का पंजीकरण करके तुरंत हाथ वाली रिक्सा उपलब्ध करवाई जाए। ताकि उनका जीवन सुगमता के साथ व्यतित हो सके। एक सौ प्रतिशत विकलांग लक्ष्मी सोनी उपायुक्त कार्यालय में हाथ वाली रिक्शा उपलब्ध करवाने की मांग लेकर पहुंची थी, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मात्र एक घंटे के अंदर जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा उन्हें रिक्सा उपलब्ध करवाई। लाभार्थी लक्ष्मी सोनी ने इस पर उपायुक्त का आभार व्यक्त किया है। सौ प्रतिशत विकलांग होने की वजह से उन्हें घर से काम करने के लिए हर रोज ऑटो आदि से जाना पड़ता है तथा उन्हें प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ता है।

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु-टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धान की बर्बादी, पढाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान
पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक

## खबर संक्षेप



### जयहिन्द ने डीसी से समस्याओं के समाधान की मांग की

**रोहतक।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नवीन जयहिन्द ने समस्या लेकर आई सैकड़ों महिलाओं के साथ केक काटा। इसके बाद वह महिलाओं के साथ डीसी ऑफिस पहुंचे। जहां जयहिन्द ने डीसी धीरेन्द्र को महिलाओं की समस्या से अवगत कराया। डीसी ने तुरन्त अधिकारियों को फोन किया और समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। जयहिन्द ने कहा आजकल बहुत कम लोग होंगे जिन्हें सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों के जन्मदिन याद होंगे और अगर ऐसे नेता न होते तो शायद हमारा देश आज आजाद न होता। हर साल नेता की प्रतिमा पर केक काट कर उनका जन्मदिन मनाते हैं और सरकार को भी इस पर ध्यान देना चाहिए और स्कूलों में क्रांतिकारियों के जन्मदिन पर कोई प्रोग्राम जरूर करवाना चाहिए जिससे बच्चों में क्रांतिकारियों के प्रति प्रेरणा जागरूक हो।

### मतदाता दिवस पर 25 को वाद-विवाद प्रतियोगिता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता शपथ समारोह तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। निदेशक, युवा कल्याण डा. प्रताप राठी ने बताया कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस शपथ समारोह आयोजित किया जाएगा तथा भारतीय संविधान विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वराज सदन में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा।

### रामलला के प्रथम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को उत्साह से मनाया



**रोहतक।** राष्ट्र सेविका समिति ने वीरवार को चिन्योट कॉलोनी कैलाश सेवा धाम में सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर रामलला के प्रथम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को धूमधाम से मनाया गया। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर यह आयोजन किया गया। डॉ सुरेन्द्र कुमार जैन, अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री ने बताया कि राम मंदिर का निर्माण 450 वर्षों के लम्बे संघर्षों व लाखों लोगों के बलिदान के बाद भारत के कानून के निर्णय के बाद हुआ। इसके निर्माण में हर हिन्दू का सहयोग रहा। जब श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए निधि समर्पण के लिए घर घर जाना हुआ, तब किस प्रकार प्रतिदिन कमा कर खाने वाले ने भी अपनी क्षमता से अधिक अपनी भावनाओं के अनुरूप सहयोग किया। यह मंदिर अयोध्या में बना है लेकिन भगवान राम का तो हर दिल में वास है। भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और हम सब भी मर्यादित जीवन व्यतीत कर राम राज्य की ओर बढ़ सकते है।

## सुबह 10 बजे राजीव गांधी खेल परिसर में किया जाएगा आयोजन

# गणतंत्र दिवस का अंतिम पूर्वाभ्यास आज, उपायुक्त करेंगे ध्वजारोहण

**खास बातें**

- परेड में 10 टुकड़ियां निकालेगी मार्च पास्ट
- विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी मास-पीटी शॉ का करेंगे प्रदर्शन
- उपायुक्त संस्कृतिक टीमों के प्रभारियों को देंगे आवश्यक निर्देश





रोहतक। लाढौत गुरुकुल के विद्यार्थी मलखंब की प्रस्तुति देते और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा शुक्रवार सुबह 10 बजे राजीव गांधी खेल परिसर में 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह के अंतिम पूर्वाभ्यास में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। परेड में शामिल 10 टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट निकाला जाएगा। जिनकी सलामी उपायुक्त लेंगे। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा मास-पीटी शॉ का प्रदर्शन किया गया जाएगा तथा देशभक्ति से ओत-प्रोत एवं संविधान पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के अंतिम पूर्वाभ्यास की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा अंतिम पूर्वाभ्यास में ध्वजारोहण करेंगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांची सिंघल के नेतृत्व में 10 टुकडियां परेड में शामिल होंगी। उपायुक्त द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण करने के उपरांत खुली जीप में सवार होकर परेड टुकड़ियों का निरीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद परेड टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट निकाला जाएगा। उपायुक्त समारोह में भाग लेने वाले टुकड़ियों व संस्कृतिक टीमों के प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। मार्च पास्ट में एसआई पूनम के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस महिला टुकड़ी, पीएसआई गौरव छौक्कर के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस टुकड़ी, एसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में होमगार्ड की टुकड़ी, अंडर ऑफिसर पम्पी के नेतृत्व में एनसीसी गर्ल्ज, अंडर ऑफिसर निखिल के नेतृत्व में एनसीसी ब्वॉयज, सार्जंट अंशू रानी के नेतृत्व में एनसीसी गर्ल्ज, सार्जंट अभि के नेतृत्व में एनसीसी ब्वॉयज, दक्ष के नेतृत्व में स्काउट गाइड ब्वॉयज, मेहंदी के नेतृत्व में स्काउट गाइड गर्ल्स एवं आर्यन के नेतृत्व में प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ी शामिल होगी।

### गणतंत्र दिवस समारोह में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार होंगे मुख्य अतिथि

**रोहतक।** 26 जनवरी को 76 वें गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य अतिथि होंगे। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह से पूर्व स्थानीय महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गेट संख्या एक पर स्थित राज्य स्तरीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों, युद्ध वीरांगनाओं व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महानुभावों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा भव्य झांकियां भी निकाली जाएगी, जो गणतंत्र दिवस समारोह में आकर्षण का केंद्र रहेगी।


### यह विद्यालय देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

अंतिम पूर्वाभ्यास में विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक शारीरिक अभ्यास का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा, जिसमें लाढौत गुरुकुल के विद्यार्थियों द्वारा मलखंब की प्रस्तुति, विद्याश्री इंटरनेशनल स्कूल की संविधान पर आधारित प्रस्तुति, स्कॉलर्स रोजरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित प्रस्तुति, सैनी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा राजस्थानी गीत, संस्कार वैली पब्लिक स्कूल द्वारा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुति, पठानिया पब्लिक स्कूल द्वारा भारतीय संविधान पर आधारित प्रस्तुति, जॉन वैस्ले स्कूल द्वारा भी भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार रोड की छात्राओं द्वारा हरियाणवी नृत्य और मॉडल स्कूल द्वारा समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। अंतिम पूर्वाभ्यास का समापन मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले राष्ट्रगान से होगा।



### राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला के छात्रों ने एलपीएस कंपनी का किया भ्रमण

**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला में सूर्य नमस्कार के साथ दिन की शुरुआत की। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों को एलपीएस कंपनी का भ्रमण कराया गया। एचआर नेहा मेहंदीरत्ता ने कंपनी के बारे में और किस प्रकार यहां बने नट और बोल्ट्स जीवन के हर क्षेत्र में काम आते है, ये जानकारी बच्चों के साथ सांझा की। इसके साथ-साथ बच्चों ने ओद्योगिक कार्यशैली को समझा और जीरो वेस्ट वाटर प्लांट को भी देखा। कंपनी की तरफ से बच्चों को जलपान कराया गया। कंपनी एमडी राजेश जैन के जीवन से स्वयंसेवक काफ़ी प्रभावित हुए। इसके बाद विद्यालय आकर हर्टफ़ुलनेस मैडिटेशन के राम कुमार दहिया ने मैडिटेशन को ज़िंदगी का अभिन्न अंग बताते हुए इसकी महता बच्चों को समझाया। कार्यक्रम अधिकारी शालिनी ने समापन समारोह के बारे में रूपरेखा तैयार की। इस अवसर पर मोहन, निशा, प्रशांत, हरिओम, सुनीता, भारती, अरुण मौजूद रहे।




महम। प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत करते डॉक्टर अशोक रंगा व प्राचार्य अशोक दांगी।

### आर्य स्कूल में बच्चों को दी संविधान की जानकारी

**महम।** मदीना स्थित आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में संविधान पर चर्चा के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉक्टर अशोक रंगा ने की। बच्चों ने डॉक्टर अशोक रंगा का स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों को प्रेरित करते हुए संविधान की संरचना, प्रारूप, प्रमुख धाराएं, संशोधित नियम तथा धारा 370 जैसी महत्वपूर्ण संशोधित जानकारी से अवगत कराया। बच्चों से संविधान से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे गए और बच्चों की जिज्ञासा अनुसार तत्कालीन समाधान प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य अशोक दांगी ने मुख्य अतिथि डॉक्टर अशोक रंगा का धन्यवाद किया और बच्चों को व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ विशेष सामाजिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों से ज्ञान एकत्रित करने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी बच्चों को संविधान की शपथ दिलवाई।

## गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे किसान

- गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न होने के बाद ट्रैक्टर परेड निकालने का लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



महम। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में बैठक करते संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान नेता व अन्य संगठनों के पदाधिकारी।

गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को महम क्षेत्र के किसान ट्रैक्टर परेड निकालेंगे। किसान गणतंत्र दिवस समारोह के सरकारी कार्यक्रम में व्यवधान नहीं डालेंगे। जब उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न हो जाएगा, उसके बाद चौबीसी चबूतरे पर ट्रैक्टर लेकर इलाके के किसान पहुंचेंगे। तत्पश्चात शांतिपूर्ण तरीके से किसानों द्वारा शहर में ट्रैक्टर परेड निकाली जाएगी। किसान अपनी मांगों को लेकर यह परेड निकाल रहे हैं और शहीदों को श्रद्धांजलि देने का मकसद है। किसानों से आह्वान किया गया है कि किसान 26 जनवरी को सुबह 11 बजे शहीदों की याद में बनाए गए चौबीसी चबूतरे पर पहुंच जाएं। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर वीरवार को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में एक बैठक आयोजित की गई।

### महान स्वतंत्रता सेनानी बोस को किया याद

**सांपला।** देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को गुरुवार को लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर स्कूलों व सामाजिक संगठनों ने उन्हें याद किया गया। कस्बे में नगर पालिका के पार्षद अंकित ओहलयाण ने अपने साथियों सहित नेताजी की मूर्ति पर फूलमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वही कसरेटी टाइम्स इंटरनेशनल स्कूल में भी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस मौके पर एक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। स्कूल के डायरेक्टर नरेंद्र तोमर ने कहा सुभाष चंद्र ने देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वे 1939 में कांग्रेस के अध्यक्ष बने, लेकिन महात्मा गांधी के अहिंसावादी विचारों से मतभेद के कारण कांग्रेस छोड़ दी।

## नई तकनीकों से रहें अपडेट: ग्रोवर

- इंटरव्यू स्किल्स पर आधारित कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। कार्यशाला को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता विनय ग्रोवर।

गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में इंटरव्यू स्किल्स पर आधारित वैल्यू एडेड कोर्स के तत्वावधान में द्विसाप्ताहिकी कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन एवं ट्रेनर एथिक्स कंप्यूटर से विनय ग्रोवर रहे। विनय ग्रोवर ने इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि हमारी कार्य प्रणाली धीरे धीरे टेक्नोलॉजी पर आधारित होती जा रही है। यदि हम स्वयं को अपडेट नहीं करेंगे तो बाकियों से पीछे रह जाएंगे। उन्होंने कंप्यूटर स्किल, कम्युनिकेशन स्किल एवं इंटरव्यू स्किल्स के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। बेसिक कंप्यूटर फंक्शंस भी हमारे दैनिक कार्यों में बहुत महत्वपूर्ण हैं। खासकर शैक्षिक कार्यों में आज प्रत्येक व्यक्ति को आईटी से संबंधित स्किल की आवश्यकता पड़ती है।



### इशिका ने पुणे में जीता कांस्य पदक

**रोहतक।** पुणे में 18 से 21 जनवरी 2025 तक आयोजित सब-जूनियर एवं कैडेट राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में आईबी स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा इशिका ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से कांस्य पदक जीतकर स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन किया। इस चैंपियनशिप में देशभर से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन इशिका ने अपनी दृढ़ता और कुशलता से प्रतिस्पर्धा में अपनी अलग पहचान बनाई। इशिका की इस उपलब्धि के साथ उन्हें जेएसडब्ल्यू में चयनित होने का भी गौरव प्राप्त हुआ है। यह चयन उनकी प्रतिभा और मेहनत का सम्मान है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। इशिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, स्कूल के शिक्षकों और माता-पिता को दिया, जिन्होंने उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया और उनका मार्गदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक अमरजीत सिंह ढुल, डायरेक्टर अजीत सिंह ढुल व विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने की शुभकामनाएं दीं।

## सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज में खेल प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का वीरवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि कॉलेज महासचिव डॉक्टर राजेश सैनी रहे। दो दिन में कैरम, टेबल टेनिस, मटका रेस, थ्री लैग रेस, मार्बल स्पून रेस और एथलीट खेलों की प्रतियोगिताएं करवाई गई। प्रिंसिपल डॉ. अलका बत्रा ने बताया कि राष्ट्रीय गर्ल्स चाइल्ड डे के अवसर पर छात्राओं के लिए दो दिवसीय इंडोर व आउटडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने अपनी रुचि के अनुसार भाग लिया। उन्होंने बताया कि इंडोर गेम कैरम की प्रतियोगिता में बीएड की छात्रा एकता ने प्रथम,आरजू द्वितीय व तृतीय स्थान निधि ने हासिल किया। टेबल टेनिस में एकता प्रथम, निधि ने दूसरा तो श्वेता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ठीक इसी प्रकार चैस के खेल में फिर से एकता ने प्रथम तो हिमांशी ने दूसरा स्थान हासिल किया। आउटडोर खेलों की मटका रेस में बीएड फाइनल की छात्रा वर्षा देवी प्रथम, वर्षा रानी द्वितीय व श्वेता तीसरे स्थान पर रहीं। थ्री लैग रेस में अंजलि व अंजू प्रथम, दूसरे स्थान पर वर्षा रानी व वर्षा देवी रहीं एवं तीसरा स्थान पर आशू व नीतिका ने प्राप्त किया। इस दौरान कॉलेज मैनेजर श्याम कटारिया, नरेंद्र सैनी, प्रवीण सैनी, सहायक प्रोफेसर शोभा सैनी, रेखा रानी, सुमन सैनी, पूजा सैनी, सोनिया सिंह, मीनू ,और सोनिया के साथ बीएड की छात्राएं उपस्थित रहीं।



### इन्हरव्हील क्लब रोहतक सिटी ने मनाया गणतंत्र दिवस

**रोहतक।** इन्हर व्हील क्लब रोहतक सिटी के सदस्यों ने वीरवार को एसडी स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। क्लब प्रेसिडेन्ट सुषमा बत्रा ने स्कूल में झंडा फहराया। छात्रों ने कई प्रतिस्पर्धा में भाग लिया और विजेताओं को क्लब की तरफ से टिफिन बाक्स देकर मनोबल बढ़ाया । इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने जरूरतमंद छात्रों को स्वेटर वितरित किए। मिठाईया और खाने का सामान भी स्कूल में क्लब के सदस्यों नें बांटे। इस अवसर पर क्लब की वाइस प्रेसिडेन्ट राज अरोड़ा, ट्रेजरर रीनू सिंगला, पास्ट प्रेजिडेन्ट अंजना गुप्ता, अन्नू गांधी, विद्या अहूजा उपस्थित रहे। स्कूल की प्रिंसिपल शान्ता खुराना ने क्लब के सदस्यों का धन्यवाद किया। सुषमा बत्रा ने भी समय - समय पर स्कूल के प्रोग्राम में आने का आश्वासन दिया।

## प्रयागराज जाने के इच्छुक श्रद्धालु सरल पोर्टल पर करें आवेदन : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



धीरेंद्र खडगटा

प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को प्रयागराज में जारी महाकुंभ मेला 2025 के लिए बढ़ाया गया है। गत 16 जनवरी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को महाकुंभ मेला 2025 के लिए बढ़ाया गया है। इच्छुक पात्र नागरिक महाकुंभ मेला 2025 में जाने के लिए सरल पोर्टल https://saralharyana.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गत 13 जनवरी से महाकुंभ मेला जारी है, जो 26 फरवरी को संपन्न होगा।

उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि प्रदेश सरकार गरीब परिवारों के बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवा रही है। अब गरीब व्यक्ति भी तीर्थ यात्रा पर जाकर अपने आराध्य देवों के दर्शन कर सकता है तथा आर्थिक तंगी तीर्थ यात्रा में बाधा नहीं रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले गरीब परिवारों के बुजुर्गों को सरकारी खर्चे पर तीर्थ यात्रा कराई जाती है। यात्रा के दौरान ठहराव व खाने-पीने का खर्च, रात्रि ठहराव जैसी सभी सुविधाएं बस में यात्रियों को उपलब्ध करवाई जाती है। नागरिकों को तीर्थ यात्रा करवाने की यह जिम्मेदारी परिवहन विभाग को सौंपी गई है।

**समाधान** | लंबित शिकायतों का अधिकारी गंभीरता से तुरंत करें समाधान : अतिरिक्त उपायुक्त

# 17 शिकायतें हुई प्राप्त, निपटारे के दिए आदेश

- समाधान शिविन में एडीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रति कार्य दिवस प्राप्त हो रही समाधान शिविर की शिकायतों का गंभीरता के साथ यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। नरेंद्र कुमार स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने समाधान शिविर की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग, एचएसआईआईडी, सिंचाई, वन, जिला नगर योजनाकार, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को लंबित शिकायतों का तुरंत निपटारा करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निपटारे की मौके पर प्रक्रिया शुरू की गई तथा तीन शिकायतों का निपटारा भी किया गया। समाधान शिविर में पेंशन, पुलिस, खाद्य एवं पूर्ति, नगर निगम के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों से शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देशों सहित सौंप दिया गया।

### ये रहे मौजूद

समाधान शिविर में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय दलाल, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, सिंचाई विभाग के हाइड्रोलॉजिस्ट दलबीर राणा, जिला नगर योजनाकार सुमनदीप, जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता अनिल रोहिल्ला व प्रदीप, एचएसवीपी के सहायक रोशन, पुलिस विभाग के एएसआई सुरेंद्र सिंह, जिला परिषद के प्रतिनिधि कैशव, रोहतक तहसील से राजबीर सिंह, कलानौर तहसील से सतीश कुमार, मिकाडा से उपमंडल अधिकारी अनीष कुमार, क्रीड से कुलदीप व दीपक, कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक भूपेंद्र, नगर निगम से जगबीर सिंह, जिला कल्याण कार्यालय से तहसील कल्याण अधिकारी नरेश कुमार, शिक्षा विभाग के सहायक राजकुमार, उपकृषि निदेशक कार्यालय से दलबीर सिंह, क्षेत्रीय प्रदूषण कार्यालय से सचिन, वन विभाग से अमरजीत सिंह, श्रम विभाग से दीपक, परिवहन विभाग के निरीक्षक कुलदीप, खेल विभाग से कोच कवित सैनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश उपस्थित रहे।

### प्राइवेट की जगह सरकारी बसें शामिल करें हरियाणा सरकार: नरेंद्र दिनोद

**रोहतक।** वीरवार को हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन (सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) राज्य केंद्र की मीटिंग राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महासचिव सुमेर सिवाच ने किया। मीटिंग में हरियाणा सरकार द्वारा 26 जनवरी को रोहतक, हिसार व अन्य कई डिपो से इलेक्ट्रिक बसों चलाने के निर्णय का विरोध किया। यह बसें 62 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से चलने का निर्णय है। उसके विरोध में सरकार से मांग करते हुए बताया कि एक इलेक्ट्रॉनिक बस के बदले में साधारण 6 बसे आती है। जो पूरे हरियाणा प्रदेश में सभी डिपो में 50-50 बसें लेने का निर्णय है, अगर उसकी जगह पर साधारण 300 /300 बसें प्रत्येक डिपो के बेड़े में शामिल हो तो हरियाणा प्रदेश में लगभग 7200 से अधिक बसें उपलब्ध होंगी। वही एक बस पर छह बेरोजगारों को रोजगार मिलता है। विभाग में 10 हजार सरकारी बसें शामिल की जाती है तो 60 हजार बेरोजगारों को रोजगार मिलता है और जनता को बेहतर एवं सुरक्षित सेवा मिलती हैं।